>

Title: Need to include other Naga Tribes of Arunachal Pradesh in the list of Scheduled Tribes.

श्री निनोंग ईरींग (अरुणाचल पूर्व): सभापति जी, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे शून्यकाल में एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। सभापति जी, अरुणाचल प्रदेश में एक ऐसी जाति है जिसे अदर-नागा-ट्राइब्स के नाम से जाना जाता है। जब 1911 में अंग्रेजों की हुकूमत थी, उस समय पांच जातियां नौकते, तामसा, वांगचु, तुत्चा और युबिन्स को नागा के रूप में मान्यता दी गयी। जैसे नागालैंड में है, मणिपुर में है जैसे आओज है, सैमाज है, टांगकुल्स है, अंगामीज है, कोनयाक्स है, लेकिन हमारे अरुणाचल प्रदेश में उन्हें अदर नागा ट्राइब्ज का दर्जा दिया गया है। इसलिए हमारे यहां जो यूपीएससी की परीक्षा होती हैं या केन्द्र सरकार में नौकरियां निकलती हैं उनमें उन्हें मौका नहीं मिलता है क्योंकि उनके अनुसूचित जनजाति के सर्टिफिकेट्स हैं उन्हें अंडर द शैड्यूल्ड नहीं लाया गया है। हमने दो दिन पहले कर्नाटक के मेदारा का संशोधन लाया गया, तो मैं माननीय मंत्री जी को अनुरोध करुंगा कि इसमें हमारी जो पांच जातियां हैं नौकते, तामसा, वांगचु, तुत्चा और युबिन्स, उनके लिए भी विधेयक लाकर संशोधन किया जाए।